Helpline 1064 | 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में नगर निगम हैरिटेज का स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सफाईकर्मी 40 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *22 फरवरी, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जयपुर एसआईयू इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **विक्रम बीवाल कार्यवाहक स्वास्थ्य निरीक्षक आदर्श नगर जोन नगर निगम हैरिटेज जयपुर तथा विनोद कुमार सफाई कर्मचारी** को परिवादी से **40 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर एसआईयू इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि मेरी माताजी की पेंशन स्वीकृत करवाने की एवज में आरोपी विक्रम बिवाल स्वास्थ्य निरीक्षक नगर निगम हैरिटेज जयपुर द्वारा **1 लाख 50 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर एसआईयू इकाई के **पुलिस निरीक्षक श्री रघुवीर शरण** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी स्वास्थ्य निरीक्षक एवं सफाई कर्मचारी को परिवादी से **40 हजार रूपये** की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह के निर्देशन में आरोपियान से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**